हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 12 अंक : 167 देहरादून, रविवार, 24 दिसंबर, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



राजस्व प्राप्त के लक्ष्य को फरवरी तक पूर्ण करें : मुख्यमंत्री

8

# उत्तराखण्ड की डबल इंजन सरकार तेजी से काम कर रही है : धामी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

हरिद्वार , 24 दिसंबर , त्तराखंड के हरिद्वार में गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय में वेद विज्ञान और संस्कृति महाकुंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी शामिल हुए। वहीं, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शामिल हुए और उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने उस मौके पर कहा कि, उत्तराखण्ड की डबल इंजन सरकार तेजी से काम कर रही है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुकुल कांगड़ी में वेद विज्ञान और संस्कृति महाकुंभ कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि, ₹गुरुकुल कांगड़ी सम विश्वविद्यालय में आयोजित वेद विज्ञान एवं संस्कृति महाकुंभ में पधारे हुए आप सभी लोगों का मैं हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करता हूं। मैं उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ जी का देवभूमि उत्तराखण्ड आगमन पर हार्दिक स्वागत करता हूं। ये यहां के छात्रों का भी सौभाग्य है कि आज उनका उद्बोधन आप सभी को सुनने का अवसर मिलेगा।





उन्होंने कहा कि, ₹आपके विभिन्न मुद्दों की गहरी समझ भारत को काफी लाभान्वित कर रही है। हमें वेदों की ओर लौटना पड़ेगा। महर्षि दयानंद के उद्घोष को हमे जीवन में उतारना होगा। हम सनातन को मानने वाले लोग हैं। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में जिस तरह जी 20 का सफल आयोजन हुआ। ये अपने आप में अभूतपूर्व था। पूरे विश्व ने भारत की संस्कृति को देखा। प्रधानमंत्री जी ने 2022 में लाल किले की प्राचीर से पंच मंत्र दिए थे।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि, ₹उत्तराखण्ड की डबल इंजन सरकार तेजी से काम कर रही है। हमने बहुत सारे काम, महत्वपूर्ण निर्णय पिछले सालों में लिए हैं। मैं हमेशा अपने विकल्प रहित संकल्प को दोहराता हूं। मैं आपसे भी आह्वान करता हूं कि आप सभी अपना मार्गदर्शन इस विषय पर दें।

# देवभूमि उत्तराखंड में आना परम सौभाग्य है : उपराष्ट्रपति

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

हरिद्वार , 24 दिसंबर, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, डॉ. (श्रीमती) सुदेश धनखड़ ने गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित किये जा रहे वेद विज्ञान एवं संस्कृति महाकुंभ के उद्घाटन समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित किया। गुरुकुल कांगड़ी द्वारा इस महाकुंभ का आयोजन स्वामी दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती और स्वामी श्रद्धानंद के बलिदान दिवस में अवसर पर किया जा रहा है ।उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय संस्कृति और राष्ट्रवाद के प्रणेता इन मनीषियों की पावन स्मृति में आयोजित यह महाकुंभ, उनके महान जीवन के प्रति हमारी विनम्र श्रद्धांजलि है। इस महाकुंभ के माध्यम से वेद विज्ञान को सशक्त करने का महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है ।अपने सम्बोधन के दौरान उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि माँ भारती के इस भू-भाग, देवभूमि उत्तराखंड में आना मेरा परम सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय का वर्षों से नाम सुनता रहा हूं, आज पहली बार आने का मौका मिला है। नाम से ऊर्जावान होता रहा हूं, आज यहां से एक बड़ा संकल्प लेकर जाऊंगा।धनखड़ ने कहा कि गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय हमारी सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण व सृजन का प्रमुख केंद्र है। उन्होंने उपस्थित शिक्षकों और छात्रों से कहा आप एक प्रेरणा के स्रोत हैं, राष्ट्रवादी चेतना और चिंतन के केंद्र है। कुछ पश्चिमी विश्वविद्यालय अनर्गल कारणों से हमारी संस्कृति और हमारी विकास यात्रा को कलंकित करने में लगे हुए हैं। मेरे मन में कोई शंका नहीं है आपकी विद्वता & संकल्प को देखते हुए कि भारत की संस्कृति कभी नीचे नहीं होगी, आपको उनका प्रतिकार करना चाहिए!

उपराष्ट्रपति ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि कुछ गिने-चुने लोग अपनी संस्कृति, गौरवमयी अतीत और वर्तमान विकास को लेकर अपमान का भाव रखते हैं और भारत की महान छवि को धूमिल करने में लगे रहते हैं। उन्होंने कहा कि इनके हर कुप्रयास को कुंठित करना हर भारतीयों का परम दायित्व है और कर्तव्य है। ये जो ताकतें, हमारी संस्कृति के विरोध में हैं, राष्ट्रवाद के विरोध में हैं, हमारे अस्तित्व के विरोध में हैं, उन पर प्रतिघात होना चाहिए !भारतीय ज्ञान परंपरा और वैदिक ज्ञान-विज्ञान पर विमर्श को बढ़ाने की आवश्यकता पर बल देते हुए जगदीप धनखड़ ने कहा कि वेद विज्ञान महाकुंभ का यह पर्व हमें हमारे प्राचीन ज्ञान और विज्ञान के प्रति गर्व महसूस करने का एक अवसर प्रदान करता है। उन्होंने जोर दिया कि हम अक्सर भूल जाते हैं कि हम कौन हैं, लेकिन यदि थोड़ा अंदर झांकेंगे तो पता लगेगा कि विश्व में हमारा मुकाबला करने वाला और कोई देश नहीं है।






अपने अभिभाषण में उपराष्ट्रपति ने विश्वास व्यक्त किया कि 2047 तक भारत न सिर्फ विकसित राष्ट्र होगा बल्कि विश्व गुरु की अपनी प्रतिष्ठा को फिर से हासिल करेगा। उन्होंने कहा कि मेरे सामने जो छात्र-छात्रायें हैं, वे 2047 के भारत के योद्धा हैं और निश्चित रूप से सफलता अर्जित करेंगे। इस अवसर पर डॉ. (श्रीमती) सुदेश धनखड़, उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त), उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, विश्विद्यालय के कुलपति डॉ. सत्यपाल सिंह, निदेशक, विश्वविद्यालय के प्राचार्य छात्र छात्राएं एवं कई अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# हार्ट अटैक और कार्डिएक अरेस्ट मैं क्या अंतर होता है जाने

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 24 दिसंबर , बीते कुछ समय से हम आए दिन दिल का दौरा पड़ने से लोगों के मरने की खबरें सुनते और पढ़ते हैं। इसके पीछे कारण यह है कि आजकल बिगड़ती जीवनशैली और व्यस्त दिनचर्या के बीच कार्डियक अरेस्ट और हार्ट अटैक के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। दोनों कहीं भी, कभी भी और किसी को भी शिकार बना लेते हैं. दरअसल, जिसे लोग दिल का दौरा समझते हैं, वह कार्डियक अरेस्ट है। यह बिना किसी लक्षण के आता है। दोनों में बहुत अंतर है. आइए जानते हैं दोनों में कौन है ज्यादा खतरनाक.

हार्ट अटैक और कार्डियक अरेस्ट के बीच अंतर

1. कार्डियक अरेस्ट और हार्ट अटैक में बहुत अंतर होता है. हार्ट अटैक तब होता है जब हृदय तक रक्त नहीं पहुंच पाता, लेकिन कार्डियक अरेस्ट में हृदय अचानक काम करना बंद कर देता है।2. जब धमनियों में रक्त का प्रवाह रुक जाता है या ख़त्म हो जाता है तो हृदय का वह हिस्सा ऑक्सीजन की कमी के कारण ख़त्म होने लगता है। वहीं, कार्डियक अरेस्ट में दिल अचानक धड़कना बंद कर देता है। ऐसा होने पर कुछ भी हो सकता है.

कार्डियक अरेस्ट के लक्षण

1. कार्डियक अरेस्ट के मामले में कोई लक्षण नहीं होते, यह हमेशा अचानक होता है।

2. जब भी कोई मरीज गिरता है तो वह कार्डियक अरेस्ट के कारण होता है, इसे पहचानने के कई तरीके हैं।

3. हर बार जब रोगी गिरता है तो उसकी पीठ और कंधों को थपथपाने पर कोई प्रतिक्रिया नहीं होती।

4. रोगी की दिल की धड़कन अचानक बहुत तेज हो जाती है और वह सामान्य रूप से सांस नहीं ले पाता है।

5. नाड़ी और रक्तचाप बंद हो जाता है।6. ऐसी स्थिति में मस्तिष्क और शरीर के अन्य हिस्सों तक खून नहीं पहुंच पाता है।

अधिक खतरनाक क्या है, कार्डियक अरेस्ट या दिल का दौरा?

अगर दोनों में से ज्यादा खतरनाक की बात करें तो वह है कार्डियक अरेस्ट। क्योंकि इसमें कोई लक्षण नजर नहीं आते हैं. जबकि हार्ट अटैक के लक्षण 48 से 24 घंटे पहले ही दिखने लगते हैं। दिल का दौरा पड़ने पर मरीज को ठीक होने और अपनी जान बचाने का मौका मिलता है। जबकि कार्डियक अरेस्ट की स्थिति में कोई चांस नहीं होता.




# उम्र बढ़ने के साथ क्यों कम होने लगती है नींद, जानिए

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 24 दिसंबर : मेमोरी और फोकस यानी संपूर्ण मस्तिष्क स्वास्थ्य के लिए अच्छी और गहरी नींद जरूरी है। पर क्या आप इन दिनों बिस्तर पर देर से जाने के बावजूद सुबह जल्दी उठ जाती हैं? या रात को कई बार आपकी नींद टूटती है? वास्तव में यह उम्र बढ़ने का सबसे स्वभाविक संकेत है। विभिन्न शोध और एक्सपर्ट इस पर सहमति जताते हैं कि उम्र का प्रभाव हमारी नींद पर भी पड़ता है। पर क्यों होता है ऐसा? और क्या हो सकते हैं इसके दुष्प्रभाव यह जानने के लिए आइए कुछ शोधों पर नजर डालते हैं।

कब, कितनी नींद है सामान्य

जन्म के तुरंत बाद बच्चा 24 में से 22 घंटे सोता रहता है। जैसे-जैसे वह बड़ा होता है, उसकी नींद शरीर के अनुसार, बदलती रहती है। वयस्क होने पर व्यक्ति 8-9 घंटे की नींद लेता है। ब्रेन हेल्थ के लिए नींद की भूमिका अहम है। नर्व, न्यूरो ट्रांसमीटर और ब्रेन के लिए 7-8 घंटे की बाधा रहित नींद जरूरी है। जैसे-जैसे हमारी उम्र बढ़ती है, हमारी नींद प्रभावित होने लगती है। रात में कई घंटे तक नींद नहीं आना, रात भर नींद खुलते रहना उम्र बढ़ने के साथ महसूस होने वाली आम समस्याएं हैं।

क्या है नींद कम आने के कारण

गहरी नींद में सोना स्टेज 3 स्लीप कहलाता है। यह मसल्स और टिश्यू ग्रोथ के लिए जरूरी है। इस दौरान शरीर में सेलुलर रिपेयर भी होती है। हार्मोनल चेंज, मेडिकल कॉम्प्लिकेशन और स्ट्रेस उम्र बढ़ने पर नींद कम होने के प्रमुख कारक हैं। डिप्रेशन, एंग्जायटी, नाइट शिफ्ट में काम करने के कारण भी नींद प्रभावित हो सकते हैं। बुढ़ापे में कुछ दवाएं भी साउंड स्लीप नहीं आने देने के लिए जिम्मेदार होती हैं। इसके जेनेटिक्स भी कारण हो सकते हैं।

उम्र बढ़ने के साथ आपके शरीर का सर्केडियन सिस्टम भी प्रभावित हो जाता है।साउंड स्लीप में मददगार हो सकते हैं ये उपाय उम्र बढ़ने के साथ लाइफस्टाइल में बदलाव लाकर शरीर को अधिक गहरी और आरामदायक नींद दिलाने में मदद मिल सकती है।

1- एरोबिक एक्सरसाइज करें

कार्डियो वर्कआउट, जिसे एरोबिक व्यायाम भी कहा जाता है। तैराकी, बाइकिंग, जॉगिंग या या वॉकिंग कार्डियो वर्कआउट हैं। इससे अच्छी नींद आती है। अनुलोम विलोम, भ्रामरी प्राणायाम, दुर्गा प्राणायाम, शासन भी गहरी नींद लाने में मदद करते हैं।

2 - किसी भी प्रकार के नशे को छोड़ दें यदि आप किसी प्रकार का नशा करती हैं, तो उसे तुरंत छोड़ दें। नशा हमारे नयूरोट्रांसमीटर और नींद को प्रभावित करता है। सोने से पहले निकोटीन, कैफीन का सेवन नहीं करें।



3- स्लीप सप्लीमेंट

साउंड स्लीप के लिए स्लीप सप्लीमेंट भी ट्राई कर सकती हैं। स्लीप सप्लीमेंट ट्राई करने से पहले डॉक्टर से परामर्श लेना जरूरी है।स्लीप सप्लीमेंट ट्राई करने से पहले डॉक्टर से परामर्श लेना जरूरी है। वे व्यक्ति के द्वारा पहले से ली जा रही दवाओं के अनुसार स्लीप सप्लीमेंट प्रिसक्राइब करेंगे।

4 - गैजेट्स को न लगाएं बेडरूम में

सोने के एक घंटे पहले किसी भी प्रकार की टेक्नोलॉजी से खुद को दूर कर लें। शोध से यह प्रमाणित हो चुका है कि इलेक्ट्रॉनिक गुड्स से निकलने वाली ब्लू लाइट हार्मोन को प्रभावित कर देती है. जिससे साउंड स्लीप आने में दिक्कत होती है।

## राइंका दैडा का एनएसएस शिविर शुरू

रुद्रप्रयाग। राजकीय इंटर कॉलेज दैड़ा के एनएसएस के छात्रों का सात दिवसीय शिविर का रंगारंग कार्यक्रमों के साथ समापन हुआ। राप्रावि हुड्डू में आयोजित शिविर में छात्रों ने स्वच्छता अभियान, जलसंरक्षण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, पौधरोपण आदि विषयों पर जनजागरूकता कार्यक्रम चलाए। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान वीरेंद्र राणा व प्रधान बंरगाली महावीर सिंह ने कहा कि जीवन में सफल होने के लिए अनुशासन और विनम्रता आवश्यक है। कार्यक्रम में महिला मंगल दल एवं स्वयंसेवियों द्वारा रंगारंग प्रस्तुति दी गयी। कार्यक्रम अधिकारी चक्रधर शैव ने शिविर में स्वयंसेवियों द्वारा की गयी गतिविधियों की जानकारी दी। इस मौके पर प्रसिद्ध लोकगायिका रामेश्वरी भट्ट, कैलाश गाग्रय एवं स्वयंसेवी मौजूद थे।

## मणिपुर की तर्ज पर गुरिल्लाओं को मिले लाभ

श्रीनगर गढ़वाल। एसएसबी स्वयंसेवकों की बैठक श्रीनगर स्थित बाबा काली कमली धर्मशाला में आहुत की गई। इस मौके पर गुरिल्लाओं ने बैठक में मुख्यमंत्री द्वारा लिये गये निर्णय पर खुशी जताते हुए आभार व्यक्त किया। बैठक में जिला अध्यक्ष मान सिंह नेगी ने कहा कि गुरिल्ला नौकरी, पेंशन सहित अन्य मांगों को लेकर 17 सालों से आंदोलनरत हैं। कहा कि हाल ही मुख्यमंत्री के साथ हुई बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को विभिन्न विभागों में प्रशिक्षित गुरिल्ला स्वयं सेवकों को आजीविका से जोडने के लिए प्रयास किये जाने के निर्देश दिये। साथ ही गुरिल्ला स्वयं सेवकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना का भी निर्देश दिये है। उन्होंने कहा कि गुरिल्ला स्वयंसेवकों को मणिपुर की तर्ज पर नौकरी, पेंशन व आश्रित को नौकरी का लाभ मिले। कहा कि यदि गुरिल्ला एसएसबी स्वयंसेवको की मांग पर अमल नहीं होता हैं तो उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। बैठक में टिहरी जिला अध्यक्ष दिनेश गैरोला, कीर्तिनगर ब्लॉक अध्यक्ष हिम्मत मेहर, उपाध्यक्ष उत्तम रतूड़ी, सचिव बृजमोहन गुसांई, राजेंद्र भंडारी, महासचिव अनिल भट्ट, खिर्सू मंडल अध्यक्ष कुशाल सिंह पंवार, महावीर सिंह, अनूप सिंह, वीरेंद्र सिंह, कैलाश सिंह, प्रदीप सिंह, धीरज सिंह, कीरत सिंह, दिनेश सिंह, लक्ष्मी देवी, भामा देवी, रूपा देवी, गिदौरी देवी आदि मौजूद थे।

## मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत बनाए

पौड़ी। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने शनिवार को पौड़ी शहर में मतदाता रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। इस दौरान रैली के माध्यम से लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक करते हुए छात्राओं ने कहा कि जो भी लोग मतदान करने जाते हैं वह बिना किसी स्वार्थ और लाभ के मतदान करें। लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए सभी लोग अपने मत का सही प्रयोग करें। कहा कि हम सभी लोग अपने लोकतंत्र को तभी मजबूत बना सकते हैं जब हम बिना किसी स्वार्थ और पूरी ईमानदारी के साथ मतदान करें। उन्होंने कहा कि पहली बार मतदान करने वाले युवा मतदाताओं को जरूर मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी सहभागिता निभाई चाहिए।

## पौड़ी में 33 मेधावी छात्रों को सम्मानित किया

पौड़ी। मैसमोर इंटर कालेज का वार्षिकोत्सव और क्रिसमस सेलीब्रेशन धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने गढ़वाली, कुमाउनी, जौनसारी लोकगीत-लोकनृत्यों की शानदार प्रस्तुतियां दीं। वहीं विज्ञान के कई मॉडलों की प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम में शिक्षा, खेल सहित अन्य क्षेत्रों में अव्वल 33 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। मैसमोर इंटर कॉलेज सभागार में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन हरीश कुमार ने किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को कड़ी मेहनत के साथ लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढने के लिए प्रोत्साहित किया। समारोह में प्रियंका और चांदनी ने प्रार्थना गीत की प्रस्तुति दी। इसके बाद डिंपी, महक व कंचन, वैशाली, सिमरन, डॉली के ग्रुप ने एक से बढ़कर एक लोकनृत्य, लोकगीत, कव्वाली की शानदार प्रस्तुतियों पर दर्शकों की तालियों से खूब वाहवाही बटोरी। कार्यक्रम में हर्ष पंवार और अर्पिता को बेस्ट स्टूडेंट ऑफ द ईयर के पुरस्कार से नवाजा गया। बोर्ड परीक्षा में हाईस्कूल की स्कूल टॉपर लीला, इंटर की टॉपर सुहानी व गृह परीक्षा टॉपर प्रियंका को सम्मानित किया गया। खेलों में राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर अव्वल आने वाले शुभम मेलवाल, अर्चित धनाई, पवन थापा, पंकज गुसाईं, आशीष रावत, पियूष रावत, डॉली नेगी, अंकित कुमार, सौरभ जैरवाण को पुरस्कार प्रदान किया गया। सीनियर वर्ग में बेस्ट एनसीसी कैडेट विकास व अर्पिता, जूनियर वर्ग में आयुष सिंह व वैशाली, निबंध प्रतियोगिता में मोनाली, चित्रकला में नीलांशी, टिंकरिंग में 8 बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर पूर्व सभासद अनीता काला, राजेश मेंसल, अविनाश जॉन, हरीश विलियम, तरुण चौफिन, बरखा दिलावर, मंजू गोनियाल, अंजू चौहान आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य डा. योगेंद्र सिंह और संचालन रवि वर्ग व बीएस नेगी ने किया।

# सीएम के कार्यक्रम में भाजपा जुटाएगी भारी जन समुदाय : चमोली

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नई टिहरी। भाजपा नई टिहरी मंडल के अध्यक्ष गोपी राम चमोली की अध्यक्षता में आगामी 26 दिसंबर को नई टिहरी में प्रस्तावित सीएम पुष्कर सिंह धामी के आगमन की तैयारियों को लेकर भाजपा जिला कार्यालय में बैठक हुई। जिसमें पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपकर भारी भीड़ जुटाने की अपील की गई। शनिवार को जिला भाजपा कार्यालय नई टिहरी में भाजपा नई टिहरी मंडल की बैठक जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल के निर्देश पर आहूत की गई। जिसमें नई टिहरी मंडल के अध्यक्ष गोपी राम चलोली ने सीएम के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर रूपरेखा सामने रखी। कहा कि सीएम के कार्यक्रम में सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारी अपने समर्थकों के साथ तत्परता से प्रतिभाग करेंगे। इस दौरान सभी क्षेत्र के लोगों के बैठने से लेकर उनके नियत स्थान तक पहुंचाने में भाजपा कार्यकर्ता पूरी तत्परता से काम करेंगे। सीएम के आगमन पर कार्यकर्ता और पदाधिकारी पूरी तत्परता से केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का प्रचार करेंगे। सीएम की घोषणाओं की जानकारी व जिले में हो रहे विकास कामों को लेकर भी जनता से सीधे जुडने का काम करेंगे। सीएम के सम्बोधन और रोड शो कार्यक्रमों में व्यवस्था बनाने के लिए आम लोगों के साथ पूरे सहयोग के साथ पदाधिकारी व कार्यकर्ता सहयोग कर कार्यक्रम में हर व्यक्ति की सहभागिता को सुनिश्चित करेंगे। बैठक में भाजपा जिला महामंत्री उदय रावत व राजेंद्र जुयाल, खेम सिंह चौहान, गोविंद रावत, अनुसूया नौटियाल, विजय कठैत, जयेंद्र सिंह पंवार, उर्मिला राणा, लीला मखलोगा, लक्ष्मी रावत, विनीत, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष तौफीक अहमद आदि मौजूद रहे।

# गैंडा वध के बाद पांडवों ने किया अलकनंदा नदी में स्नान

रुद्रप्रयाग। मुख्यालय स्थित पुनाड़ पांडव चौक में चल रही पांडव लीला में शुक्रवार रात गैंडा कौथिग का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में दर्शक पहुंचे। रातभर कड़ाके की ठंड में लोगों ने उत्साह के साथ मंचन का आनंद लिया। इसके बाद शनिवार सुबह पांडवों ने अलकनंदा नदी में स्नान किया जबकि नकुल द्वारा अपने पिता पांडु को तपर्ण दिया गया। इस दौरान बाजार में जगह-जगह पांडवों का पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। पुनाड़ पांडव चौक में शुक्रवार रात्रि गैंडा कौथिग का आयोजन किया गया। चार पहर स्थानीय देवी देवताओं का अवतरण हुआ। जबकि पूरी रात भव्य मंचन किया गया। पांडवों के विधिवत नृत्य के साथ अस्त्र-शस्त्र प्रदर्शन किया गया। जबकि इसके बाद पांडवों द्वारा खेतों में हल चलाने, धान रोपने से लेकर धान कटाई और इसके प्रसाद के रूप में वितरण का दृश्य दिखाया गया। अंत में पांडव पिता पांडु के श्राद्ध के लिए गैंडे की खगोती को लेने के लिए नागलोक में अर्जुन द्वारा गैंडा वध का मंचन किया गया। इस दौरान नकार्जुन के प्रहार से अर्जुन का मूर्छित होने का दृश्य दिखाया गया। इस दौरान काफी देर तक माहौल पूरी तरह भावनात्मक दिखाई दिया। हालांकि इस दौरान देवी देवताओं के अवतरण के बाद अर्जुन को मूर्छा से बाहर लाया गया और सुबह 5 बजे देवताओं के स्नान के बाद गैंडा कौथिग का समापन हुआ। इधर, शनिवार को पांडवों ने अलकनंदा नदी में स्नान किया। साथ ही नकुल द्वारा अपने पिता पांडु का तपर्ण दिया गया।

# शशि हिंडोलाखाल, मकान चंद्रबदनी के अध्यक्ष बने

नई टिहरी। देवप्रयाग ब्लॉक कांग्रेस की बैठक में शशि प्रकाश भट्ट को हिंडोलाखाल और मकान सिंह चौहान को चंद्रबदनी का ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया। बैठक के बाद कांग्रेसियों ने जामणीखाल बाजार में विपक्ष के 142 सांसदों के निलंबन के विरोध में भाजपा सरकार का पुतला दहन किया। कांग्रेस देवप्रयाग जिलाध्यक्ष उत्तम सिंह असवाल ने बताया कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा के निर्देश पर ब्लॉक को दो भागों में बांटा गया हैं। जिसमें हिंडोलाखाल ब्लॉक में भटकोट, आमणी, बनगढ़ और रूमधार तथा नए बने चंद्रबदनी ब्लॉक में पुजार गांव, त्युंणा, धरुण व जगधार न्याय पंचायत शामिल किए गए हैं। असवाल ने कहा कि नव नियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस पार्टी को दोनों ब्लॉकों में मजबूत कर आगामी लोकसभा एवं पंचायत चुनाव में जीत दिलाने का काम करेंगे। देवप्रयाग विधानसभा प्रभारी एडवोकेट अनिल रावत ने नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों को शीघ्र 6 से 10 बूथों पर मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति करने तथा प्रत्येक बूथ में बूथ कमेटी का गठन करने के निर्देश दिए। मौके पर जिलाध्यक्ष उत्तम सिंह असवाल, विधानसभा प्रभारी अनिल रावत, विक्रम बिष्ट, डॉ. जितेंद्र उनियाल, जिला उपाध्यक्ष गणेश झिल्डीयाल, सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र भंडारी, केशवानंद डंगवाल, धनवान सिंह पंवार, विजय पंवार, देवेंद्र कैंतुरा, हेमंत भट्ट, श्याम सुंदर भट्ट, वीर सिंह पंवार आदि मौजूद रहे।

# विश्वविद्यालय बनाने में राज्यपाल का सहयोग मांगा


नई टिहरी। टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने राज्यपाल गुरमीत सिंह को पत्र लिखकर रानीचौरी परिसर को वानिकी विश्वविद्यालय बनाने की मांग की है। इसके साथ ही पत्र के माध्यम से राज्यपाल से हिमालय के संरक्षण को लेकर ठोस प्रयासों की पहल करने की अपील करते हुए कहा कि हिमालय में वह शक्ति है कि जो देश को पुनः सोने की चिडिया बना सकता है। राज्यपाल को लिखे पत्र में विधायक ने अवगत कराया कि वीर चंद्र सिंह गढ़वाली औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय में कृषि व बागवानी को लेकर आपका उद्बोधन प्रेरणाप्रद रहा है। यह विवि 2006 में स्थापित हुआ और 6 माह तक रानीचौरी में रहा। उसके बाद अज्ञात कारणों से विवि मुख्यालय से अन्यत्र स्थानांतरित कर दिया गया। विवि को अन्यत्र ले जाने का निर्णय यहां की जनता के दिलों में आज भी शूल की तरह चुभ रहा है। रानीचौरी को विवि बनाने को लेकर पूर्व में सीएम धामी से भी आग्रह किया गया है। यहां के लोगों को पूरी आशा है कि आप भी यहां पर विश्वविद्यालय स्थापित करवाने में मदद करेंगे। जिससे यहां की जनता को सुकुन मिलेगा। इसके साथ ही विधायक उपाध्याय ने राज्यपाल से हिमालय के प्रबंधन के लिए ठोस प्रयासों को लेकर कहा कि हिमालय देश को सोने की चिडिया बनाने का मादा रखता है। लेकिन इसके लिए हमें हिमालय संरक्षण व प्रबंधन पर विशेष ध्यान देना होगा। हिमालय के प्रबंधन में आपका सहयोग जरूरी होगा।

# मूल निवासियों को मिले उनका हक : धनाई

नई टिहरी। उत्तराखंड जन एकता पार्टी (उजपा) के केंद्रीय अध्यक्ष पूर्व पर्यटन मंत्री दिनेश धनाई ने कहा कि प्रदेश में मूल निवास नीति लागू किए जाने के साथ ही सख्त भू कानून लाया जाना चाहिए। आगामी 24 दिसंबर को मूल निवास व भू कानून को लेकर देहरादून में आयोजित होने वाली व्यापक रैली का उजपा पूर्ण समर्थन करेगी। इसमें पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी पूरी तत्परता से प्रतिभाग करेंगे। धनाई ने अपने आवास पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए यह बात कही। मूल निवास विषय पर त्वरित संज्ञान लेने के लिए उन्होंने सीएम धामी का आभार जताते हुए कहा कि इतने से काम नहीं चलने वाला। तृतीय व चतुर्थ श्रेणी की भर्तियों के लिए जिला चयन समिति का गठन किया जाना चाहिए। इन पदों पर मूल निवासियों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। मूल निवास को खत्म कर स्थानीय लोगों की नौकरियों पर डाका डालने का काम किया जा रहा है, जो इस प्रदेश के लिए ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंडियत को बचाने के लिए मूल निवास व भू कानून आज की जरूरत बन चुकी है। इस मौके पर उजपा के केंद्रीय उपाध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट, शहर अध्यक्ष प्रताप सिंह, बलबीर नेगी आदि मौजूद रहे।

## कोविड- जेएन-1 को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

रुद्रप्रयाग। कोविड-जेएन-1 को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। स्वास्थ्य विभाग ने जनपद के सभी अस्पतालों में रैपिड एंटीजन टेस्ट के साथ ही लक्षण पाए जाने पर जांच के निर्देश दिए हैं। साथ ही दो ऑक्सीजन प्लांट क्रियाशील कर दिए गए हैं। जनपद में जिला अस्पताल सहित सीएचसी जखोली, सीएचसी अगस्त्यमुनि, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ऊखीमठ में रैपिट टेस्ट के निर्देश दे दिए गए हैं। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ आरसीएस मार्तोलिया ने बताया कि देश में कोविड के नए वैरियंट के आते ही स्वास्थ्य विभाग केंद्र सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन कर रहा है। केंद्र की गाइडलाइन के अनुसार जनपद में जांच शुरू कर दी गई है। जिला अस्पताल की दोनों यूनिटों में स्थापित चार ऑक्सीजन प्लांट में से 2 को क्रियाशील कर दिया गया है जबकि 2 को जल्द क्रियाशील कर दिया जाएगा।



# इमरान प्रतापगढ़ी कांग्रेस के मुस्लिम कद्दावर नेता बनने की राह पर

## मेनीफेस्टो कमेटी में सदस्य नियुक्त कर बनाया और प्रभावशाली

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नई दिल्ली। कांग्रेस पार्टी ने अंदरूनी तौर पर लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है कांग्रेस ने गत दो दिन पहले अपनी मेनीफेस्टो कमेटी का गठन किया है इस कमेटी में जहां कांग्रेस के शीर्ष वरिष्ठ नेताओं को जगह दी गई है वहीं इस मेनीफेस्टो कमेटी में इमरान प्रतापगढ़ी का नाम होना सभी को हैरान करने वाला है राजनीतिक तौर पर बेहद महत्वपूर्ण मानी जाने वाली इस कमेटी में इमरान प्रतापगढ़ी का नाम हैं सूत्रों को माने तो राजनीतिक आंकड़ेबाज हतप्रभ है आश्चर्यचकित है कि जिस कमेटी का चेयरमैन पी चिदंबरम को बनाया गया है और कमेटी में प्रियंका गांधी वाड्रा और जयराम रमेश जैसे नेताओं को जगह दी गई है उसमे इमरान प्रतापगढ़ी को भी शामिल करना बहुत सोचा समझा फैसला है क्योंकि इमरान अभी युवा है, हाल ही में राज्यसभा सांसद बनाया गया था,फिर वो स्टार प्रचारक बनाए गए ! अब उन्हें मेनीफेस्टो कमेटी में रखा गया है , जो काफी बड़ी बात है। यह थोड़ा अधिक हो रहा है। कुछ कहते हैं कि उन्हें राहुल गांधी का भरपूर समर्थन हासिल है।कांग्रेस का एक समूह उनकी आलोचना करने के बहाने न मिलने पर खिसियाने लगता है। उन पर कीचड़ उछालने की साजिश रचता है लेकिन कांग्रेस का एक धड़ा प्रतापगढ़ी को लंबी रेस का घोड़ा मानता है और इमरान की प्रतिभा वफादारी मेहनत और हर मोर्चे पर कांग्रेस के लिए डटे रहना भी उनको अलग कतार में खड़ा करता है हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनावो में कांग्रेस के लिए नतीजे चाहे कुछ भी रहे हो लेकिन तेलंगाना में कांग्रेस की बंपर जीत के लिए प्रतापगढ़ी को भी श्रेय देते हैं तेलंगाना में इमरान प्रतापगढ़ी का नारा ₹बाय बाय केसीआर₹ बहुत पॉपुलर हुआ और इमरान ने खुद चुनाव प्रचार के दौरान अपना नारा ₹बाय बाय केसीआर₹ घर घर तक पहुंचाया। राजनीतिक पंडितों की माने तो इमरान प्रतापगढ़ी आने वाले समय में इससे भी बहुत आगे जा सकते हैं !वो आदर्श भारतीय मुस्लिम है !मात्र 35 साल की आयु में देश के सबसे ईमानदार और अडिग नेता राहुल गांधी का भरोसा हासिल करना मामूली बात हो ही नहीं सकती।शीर्ष नेतृत्व की इमरान को पसंद करने की एक वजह शायद यह भी है कि प्रतापगढ़ी ब्रॉडमाइंड है और सबके साथ मिलकर और सबको साथ लेकर काम करने को अपनी ताकत मानते हैं यही दृष्टिकोण यही योग्यता उन्हें अब तक के तमाम मुस्लिम नेताओं में सबसे अलग सकारात्मक और विजनरी बनाता हैं मगर इमरान आगे कितने सफल होते हैं यह आने वाला समय ही बताएगा।



# IIT में मंच पर बोलते-बोलते वैज्ञानिक की मौत, हैरान करने वाली घटना

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 24 दिसंबर , एल्युमिनाई मीट को संबोधित करते समय आईआईटी कानपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक प्रो. समीर खांडेकर को हार्टअटैक पड़ गया। मौजूद लोग समझे कि वह भावुक हो रहे है लेकिन गिरते ही हड़कंप मच गया। आनन-फानन में कॉर्डियोलाजी ले जाया गया जहां मृत घोषित कर दिया गया। वह प्रोफेसर होने के साथ डीन ऑफ स्टूडेंट अफेयर के पद पर भी कार्यरत थे। आईआईटी कानपुर में मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक प्रो. समीर खांडेकर (55) के परिवार में माता-पिता के अलावा उनकी पत्नी प्रद्यन्या खांडेकर और उनका पुत्र प्रवाह खांडेकर हैं।

प्रो. समीर खांडेकर के बेटे प्रवाह अभी कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी से पढ़ाई कर रहे हैं। उनके लौटने पर ही प्रो. समीर का अंतिम संस्कार किया जाएगा। अभी उनका शव संस्थान के हेल्थ सेंटर में रखा गया है। वह आईआईटी कानपुर के पूर्व छात्र भी थे। प्रो. खांडेकर के नाम पर आठ पेटेंट भी हैं।

प्रो. खांडेकर का जन्म 10 नवंबर 1971 को जबलपुर में हुआ था। उन्होंने सन 2000 में आईआईटी कानपुर से बीटेक और जर्मनी से 2004 में पीएचडी किया था। इसके बाद 2004 में आईआईटी में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर ज्वाइन किया। 2009 में एसोसिएट प्रोफेसर, 2014 से प्रोफेसर, 2020 में मैकेनिकल इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष बने। 2023 में उनको डीन ऑफ स्टूडेंट अफेयर पद की जिम्मेदारी मिली। प्रो. खांडेकर सामाजिक कार्यक्रमों में भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते थे। वह प्रो. एचसी वर्मा की ओर से चलाए जा रहे शिक्षा सोपान आश्रम से भी जुड़े रहे हैं।

प्रो. खांडेकर से जुड़े लोगों ने बताया कि शुक्रवार को ऑडिटोरियम में चल रहे कार्यक्रम के दौरान प्रो. खांडेकर मंच से संबोधित करते हुए सेहत का ध्यान देने के लिए कहा। सेहत की बात कहते ही प्रो. समीर के चेहरे का रंग उड़ने लगा। पहले लोगों को लगा कि वह भावुक हो रहे हैं लेकिन फिर हकीकत पता चलते ही आनन-फानन में कार्डियोलॉजी ले जाया गया। प्रो. खांडेकर को 2019 में कोलेस्ट्राल की परेशानी हुई थी। उनकी दवाइयां चल रहीं थीं। प्रो. एचसी वर्मा ने बताया कि दो दिन पहले ही प्रो. खांडेकर सोपान आश्रम आए थे और बच्चों को विज्ञान के नियम बताए थे। प्रो. खांडेकर के निधन से हर वैज्ञानिक व उन्हें जानने वाले स्तब्ध हैं।



# मनीषा बनी पाकिस्तान की पहली हिन्दू पुलिस अफसर





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 24 दिसंबर , पाकिस्तान एक मुस्लिम बहुल देश है। यहां हिंदू अल्पसंख्यक हैं। आए दिन हम हिंदुओं पर अत्याचार की खबरें सुनते हैं, लेकिन इस बार एक महिला ने सभी हिंदुओं को गौरवान्वित करने का काम किया है। हम बात कर रहे हैं मनीषा रोपेटा की, जो देश की पहली महिला DSP बनी हैं। मनीषा रोपेटा पहली हिंदू महिला हैं, जिन्हें 26 साल की उम्र में सिंध में पुलिस उपाधीक्षक यानी डीएसपी के पद पर नियुक्त किया गया है। उन्हें 2022 में सिंध प्रांत में डीएसपी बनाया गया था।

DSP बनने के बाद रोपेटा ने क्या कहा ?

मनीषा ने डीएसपी बनने के बाद कहा कि बचपन में मैंने और मेरी बहनों ने पितृसत्ता की वही पुरानी व्यवस्था देखी है, जहां लड़कियों से कहा जाता था कि अगर वे पढ़ना और काम करना चाहती हैं तो केवल टीचर या डॉक्टर बनें। मेरा मकसद इस धारणा को खत्म करना है कि लड़कियां पुलिस या कोर्ट में नौकरी नहीं कर सकती हैं और उन्हें यह सपना नहीं देखना चाहिए। पाकिस्तान की पहली महिला हिंदू डीएसपी मनीषा सिंध के जैकोबाबाद के एक मध्यवर्गीय परिवार से आती हैं। उनके पिता एक व्यापारी थे। उनकी मौत के बाद उनकी मां बच्चों को लेकर कराची आ गईं। मनीषा के एक भाई और तीन बहनें हैं। सभी मेडिकल फील्ड से जुड़े हुए हैं।

पहले डॉक्टर बनना चाहती थीं मनीषा

मनीषा भी डॉक्टर बनना चाहती थीं, लेकिन एमबीबीएस एंट्रेंस एग्जाम में वह सिर्फ एक अंक से फेल हो गईं। हालांकि, उन्होंने हार नहीं मानी और फिजिकल थेरेपी में डिग्री हासिल की। इसके साथ ही, उन्होंने सिंध लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं के लिए भी तैयारी की। आखिरकार उनकी मेहनत रंग लाई और वह 468 उम्मीदवारों में 16वां स्थान लाने में कामयाब रहीं। मनीषा ने कहा कि हमारे समाज में महिलाएं सबसे अधिक प्रताड़ित हैं। वे कई अपराधों का निशाना बनती हैं। मैं पुलिस में इसलिए शामिल हुई, क्योंकि मुझे लगता है कि हमें अपने समाज में 'रक्षक' महिलाओं की काफी जरूरत है।

## गौपालार में नशे के कारोबार पर रोक लगाने की मांग

हल्द्वानी। गौलापार डिग्री कॉलेज के छात्रसंघ अध्यक्ष गितांशु जोशी की अगुवाई में छात्रों ने शनिवार को एसपी सिटी हरबंश सिंह से मुलाकात कर हल्द्वानी और गौलापार में नशे के कारोबार पर रोक लगाने की मांग की। ज्ञापन में छात्रों ने कहा कि पुलिस की कार्रवाई के बावजूद नशे का कारोबार बंद नहीं हो रहा है। कहा कि इसपर लगाम कसने के लिए बार और रेस्टोरेंट के नाम पर चल रहे शराब के अवैध ठेकों और स्मैक के कारोबार पर कार्रवाई की जानी चाहिए। यहां दीपांशु, अमन, प्रियांशु आदि मौजूद रहे।

## बिजली और पानी के लिए हल्द्वानी के हजारों परिवार परेशान

हल्द्वानी। शहर के ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को बिजली और पानी के संकट से निजात नहीं मिल पा रही है। शनिवार को दमुवाढूंगा और हाईडिल गेट क्षेत्र में ट्यूबवेल खराब होने से हजारों परिवार पानी तो तरस गए। क्षेत्र में ट्यूबवेल खराब हुए दो सप्ताह का समय होने वाला है, लेकिन जल संस्थान अब तक ठीक नहीं कर पाया है। रामपुर और बरेली रोड क्षेत्र में रविवार से बिजली की कटौती नहीं होगी। क्योंकि विद्युत विभाग के रोस्टर के अनुसार इन क्षेत्रों में पेड़ कटान का कार्य पूरा हो गया है। हालांकि शनिवार को टीपी नगर क्षेत्र के तल्ली हल्द्वानी और कमलुवागांजा के ऊंचापुल क्षेत्र में सुबह 10 से शाम पांच बजे तक बिजली की कटौती हुई। टीपी नगर क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण के चलते पेड़ कटान का कार्य चल रहा है। वहीं, ऊंचापुल से त्रिमूर्ति मंदिर तक नहर कवरिंग कार्य के चलते शटडाउन लिया जा रहा है। विद्युत वितरण खंड ग्रामीण के ईई डीडी पांगती ने बताया कि 26 और 29 दिसंबर को कमलुवागांजा के ऊंचापुल क्षेत्र में बिजली की कटौती होगी। रामपुर रोड और बरेली रोड के लोगों को अब रविवार से सुचारू रूप से बिजली मिलेगी, क्योंकि रोस्टर के अनुसार यहां का कार्य पूरा हो गया है।

## चौरसा पहुंची भारत संकल्प यात्रा

हल्द्वानी। विकसित भारत संकल्प यात्रा शनिवार को बेतालघाट ब्लॉक के चौरसा और कफुल्टा में पहुंची। ग्रामीणों ने यात्रा का स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान सरिता बिष्ट ने की। विभिन्न विभागों से आए अधिकारियों ने केंद्र और राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। यहां तहसीलदार मनीषा मारकाना, पटवारी मोहम्मद शकील, बीडीओ महेश गंगवार, प्रताप सिंह बोहरा, भगवत सिंह बिष्ट, संजय बिष्ट, कन्नू गोस्वामी, दीपेंद्र शर्मा, गोधन सिंह आदि मौजूद रहे।

# देहरादून वालों के घर की बत्ती होगी गुल, पढ़िए आखिर क्यों

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 24 दिसंबर , शहर की साठ से अधिक कॉलोनियों की करीब एक लाख आबादी को  से 20  तक बिजली कटौती के चलते दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा. यूपीसीएल ने सर्वे चौक से सहस्त्रत्त्धारा रोड व ट्रांसपोर्टनगर से कारगी, टर्नर रोड तक के इलाकों के लिए चार दिन का शटडाउन लेने का फैसला किया है.सर्वे चौक से सहस्त्रत्त्धारा क्रॉसिंग में सड़क चौड़ीकरण कार्य की वजह से 33 केवी लाइन और ट्रांसफार्मरों की शिफ्टिंग की वजह से सहस्त्रत्त्धारा रोड बिजलीघर के 11 केवी रिस्पना नदी फीडर, सहस्त्रत्त्धारा रोड व एमडीडीए फीडर पर  से बीस  तक सुबह दस से शाम पांच बजे तक का शटडाउन घोषित किया गया है.






जिससे चूना भट्टा, रायपुर रोड, कबाड़ी मार्केट, तरला अधोईवाला, आरके पुरम, नई बस्ती, राजेश कॉलोनी, बाबा मार्केट, मयूर विहार, ऋषिनगर, बचपन स्कूल की गली, अपर अधोईवाला, शिव गिरधर कुंज, प्रगति विहार, पाल मोहल्ला, नालापानी रोड, केकेएम कॉलोनी-क्रास 5, तपोवन एन्क्लेव, विकास लोक कॉलोनी लेन 1 से 6, कानन कुंज, केवल विहार लेन ए से एफ, केवल विला, शक्ति विहार, सुमनपुरी, पाठक मार्केट, आजादनगर, आदर्श विहार, डिफेंस एन्क्लेव, रायपुर रोड, साई काम्पलेक्स, बैंक कॉलोनी, सरस्वती विहार, दून वर्ल्ड स्कूल, अपोलो स्कूल, टाइम स्क्वायर मॉल, शिवालिक अपार्टमेंट, कर्जन रोड, ब्रुकलिन स्कूल, ब्राइटलैंड, कर्नल ब्राउन स्कूल, विंडलास अपार्टमेंट, राजरानी वेवर्ली हाइट्स, फोर्टिस अस्पताल, वेल्हम गर्ल्स स्कूल, विजयनगर, अधोईवाला इलाकों में उपभोक्ताओं को दिक्कत हो सकती है.

वहीं  से ही 20  तक सुबह दस से शाम पांच बजे तक ट्रांसपोर्टनगर, टर्नर रोड, मोथरोवाला व कारगी बिजलीघर की टेस्टिंग एक साथ होने से बड़ा इलाका प्रभावित रहेगा. इसमें सुभाषनगर, पोस्ट ऑफिस रोड, तिब्बती कॉलोनी, नई बस्ती, ट्रांसपोर्टनगर फेज 1 व 2, जीएमएस रोड सेंट ज्यूड्स चौक तक, भुत्तोवाला चौक, चंद्रबनी चौक, श्रीराम चौक, चोयला, पट्टियोंवाला, बर्तवाल चौक, कैलाशपुर का सम्पूर्ण क्षेत्र, चंद्रबनी रोड, गंगोत्री एन्क्लेव, यमनोत्री एन्क्लेव, महेश्वरी विहार, सूर्या कुंड कॉलोनी, गौतम कुंड, शिमला बाईपास, आईएसबीटी, क्लेमनटाउन, टर्नर रोड, सहारनपुर रोड, प्रकाश लोक, हरिद्वार बाईपास, सहारनपुर रोड, सेवलाकलां, शिमला एन्क्लेव, देव लोक, पित्थूवाला, दून एन्क्लेव, मोथरोवाला, दौड़वाला, नौका, विष्णुपुरम, डांडी, बंजारावाला, बंगाली कोठी, कुंज विहार, मुस्लिम बस्ती, कारगी चांदचक, टी स्टेट आदि शामिल हैं.

# देहरादून के अभिमन्यु ईश्वरन टेस्ट टीम में शामिल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 24 दिसंबर , नानी की गोद में बैठकर क्रिकेट मैच देखते हुए उस तीन साल के बच्चे ने ये वादा किया था कि एक दिन ऐसा भी आएगा जब वो मैदान में चौके छक्के मारेगा और नानी टीवी पर उसका प्रदर्शन देखकर तालियां बजाएँगी। यही बच्चा जब तीसरी कक्षा में पहुंचा तो उसने अपने पिता से स्कूल जाने से सिर्फ इसलिए इनकार कर दिया क्योंकि उसे उंगलियों में पेंसिल नहीं अपने नन्हे हाथों में क्रिकेट का बल्ला थामना था। उस दिन अपने सपने को दोबारा रंग चढ़ते देख  इस होनहार बच्चे के पिता ने जो किया वो तो सिर्फ एक पारखी जौहरी ही कर सकता था ।टीवी पर इंडियन क्रिकेट टीम के दीवार , कवर ड्राइव और कलाई से खूबसूरत शॉट्स के उस्ताद कहे जाने वाले जिस लीजेंडरी राहुल द्रविड़ को उस बच्चे ने बचपन में ही अपना आदर्श बना लिया था ,  भला उसने कहाँ सोचा होगा कि नीयति रियल लाइफ में एक दिन उसी आइडियल हीरो को किस्मत लिखने के लिए कोच के रूप में उसके सामने खड़ा मिलेगा।

मसूरी के करीब पहाड़ की गोद में जब एक उबड़ खाबड़ ज़मीन ने क्रिकेट मैदान का आकार अख्तियार किया तो उत्तराखंडी क्रिकेट फैंस को भरोसा हो गया था कि एक दिन इस मैदान से एक ऐसा सितारा चमकेगा जो अपने पिता की जिद और उनके जूनून को दुनिया में कामयाबी की मिसाल बना देगा।  ऐसे ही सितारे का नाम है अभिमन्यु रंगननाथनपरमेश्वरन ईश्वरन , जो




ऑस्ट्रेलिया में भारतीय क्रिकेट टीम के नए टेस्ट सितारे बनकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने को बेताब हैं।

बदला बदला है दून में अभिमन्यु क्रिकेट अकेडमी का नज़ारा -

इस खबर के बाद कि दून मसूरी गुलज़ार अभिमन्यु क्रिकेट अकेडमी  के इस मैदान में पसीना बहाकर क्रिकेट की बारीकियां सीखने वाले अभिमन्यु भैया जल्द इंडियन कैप पहन कर टेस्ट मैच में जलवा बिखेरते नज़र आने वाले हैं , बस यही जोश अब इस मैदान में ट्रेनिंग ले रहे छोटे छोटे क्रिकेटर्स का जोश कई गुना बढाता दिखाई दे रहा है। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच 26 दिसंबर से दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जानी है. ऋतुराज गायकवाड़ इस सीरीज से बाहर हो गए हैं. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने अभिमन्यु ईश्वरन को उनकी जगह टीम इंडिया में जगह मिली है. अभिमन्यु का घरेलू मैचों में अच्छा रिकॉर्ड रहा है. वे फिलहाल इंडिया ए टीम का हिस्सा हैं और मुख्य टीम के साथ दक्षिण अफ्रीका में ही है.






अभिमन्यु बन सकते हैं एक बेहतरीन ऑलराउंडर विकल्प -

अभिमन्यु ईश्वरन ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 77 मैच खेले, जिसमें 44.41 की औसत से 5419 रन बनाए हैं. इस खिलाड़ी ने लिस्ट-ए कैटेगरी में 78 मैच खेले, जिसमें 46.24 की औसत से 3376 रन बनाए. अभिमन्यु ने टी20 में भी हाथ आजमाए. उन्होंने कुल 27 टी20 मैच खेले, जिसमें 728 रन बनाए. यही नहीं इस युवा खिलाडी की एक और खूबी उसे एक्स्ट्रा एडवांटेज दे सकती है और वो है बल्लेबाज के साथ लेगब्रेक स्पिनर होने का हुनर ,  यानी वह भारतीय टीम को  वक़्त आने पर ऑलराउंडर प्रदर्शन कर जीत दिलाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

चयन समिति  में बने रहे अभिमन्यु

27 वर्षीय इस खिलाड़ी का पूरा नाम अभिमन्यु रंगनाथन परमेश्वरन ईश्वरन है। इनका जन्म 6 सितंबर 1995 में देवभूमि उत्तराखंड की अस्थाई राजधानी और खूबसूरत पर्यटक शहर देहरादून में हुआ था। घरेलू क्रिकेट में बंगाल का प्रतिनिधित्व करने वाले इस होनहार बल्लेबाज को बतौर ओपनिंग विकल्प टीम में जगह मिली है। 2011 में जब भारत ने अपना दूसरा विश्व कप जीता तब अभिमन्यु महज 15 साल के थे। प्रथम श्रेणी क्रिकेट और इंडिया ए के लिए लगातार रनों का अम्बार लगा रहे इस खिलाडी को हमेशा चयन समिति नज़रों में बनाये रखती है क्योंकि 64 प्रथम श्रेणी मैच में 13 शतक और 18 अर्धशतक के बूते उन्होंने 4,401 रन ठोंके हैं।

# उत्तराखंड बोर्ड हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 1238 केंद्रों में होंगी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हल्द्वानी। उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद ने 2024 में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाओं की तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसके लिए परीक्षा केंद्रों का गठन कर सभी जिलों के मुख्य शिक्षा अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इस बार 24 परीक्षा केंद्र कम बनाए गए हैं। शनिवार को उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद व जिलों की समस्त मुख्य शिक्षा अधिकारियों की बैठक माध्यमिक शिक्षा देहरादून के सभागार में बोर्ड सभापति सीमा जौनसारी और सचिव डॉ. नीता तिवारी की अध्यक्षता में हुई। सचिव डॉ. नीता तिवारी ने कहा कि हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के लिए 47 एकल और 1181 मिश्रित परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। कुल 1228 परीक्षा केंद्रों में परीक्षाएं कराई जाएंगी। हाईस्कूल में एक लाख 15 हजार 606 और इंटरमीडिएट में 94 हजार 748 बच्चों ने परीक्षा के लिए आवेदन किया है।

दोनों कक्षाओं में छात्राओं की कुल संख्या 210354 है। उन्होंने बताया कि इस बार 25 केंद्र कम बनाए गए हैं। केंद्रों में बेहतर व्यवस्था को समस्त सीईओ को दिशा निर्देश दिए गए हैं। वहीं 159 केंद्र संवेदनशील और छह केंद्र अतिसंवेदनशील के दायरे में रखे गए हैं। इन केंद्रों की सुरक्षा की जिम्मेदारी सीईओ को दी गई है। बताया कि जल्द ही बोर्ड की परीक्षाओं की तिथि घोषित की जाएगी।

हरिद्वार में सबसे अधिक विद्यार्थी पंजीकृत

रामनगर। बोर्ड सचिव डॉ. नीता तिवारी ने बताया कि हरिद्वार में सबसे अधिक 45232 और चम्पावत में सबसे कम 5392 बच्चे परीक्षा में शामिल होंगे। नैनीताल जिले में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के कुल 17960 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। ऊधमसिंह नगर में 37127 बच्चे परीक्षा देंगे।

नैनीताल जिले में बनाए सौ परीक्षा केंद्र

बोर्ड अधिकारियों के अनुसार सबसे अधिक टिहरी में 139 केंद्र चम्पावत में सबसे कम 39 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। नैनीताल जिले में सौ परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। यहां 34 परीक्षा केंद्रों को संवेदनशील के दायरे में रखा गया है। हरिद्वार में पांच केंद्र अतिसंवेदनशील और 16 केंद्र संवेदनशील बनाए गए हैं।

# खेल महाकुंभ के माध्यम से गाँवों में रहने वाले छात्र-छात्राओं को खेलने का अवसर मिलेगा : रेखा आर्या

अल्मोड़ा। जनपद स्तरीय खेल महाकुम्भ-2023 का समापन शनिवार को मंत्री महिला सशक्तिकरण बाल विकास, खेल एवं युवा कल्याण रेखा आर्या द्वारा विकासखण्ड हवालबाग के खेल मैदान में किया गया। समापन के दौरान उन्होंने कहा कि खेल महाकुंभ के माध्यम से गाँवों में रहने वाले छात्र-छात्राओं को खेलने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि अबकी बार सरकार ने न्याय पंचायत स्तर पर, विकासखण्ड स्तर पर व जनपद स्तर पर नकद पुरस्कार की भी व्यवस्था की है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से निश्चित रूप से छात्र-छात्राओं को सही मार्गदर्शन प्राप्त होता है वह अपने छोटे से गांव जनपद व प्रदेश का नाम रोशन कर सकते है। इस अवसर पर मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि जनपद स्तरीय खेल महाकुंभ-2023 की खेल प्रतियोगिताएं दिनांक 07 दिसम्बर 2023 से दिनांक 23 दिसम्बर 2023 तक आयोजित की गयी है। जिसमें आयु वर्ग-14, 17 एवं 19 की बालक व बालिका की बैडमिंटन, जूडो कराटे, ताइक्वांडो, बॉक्सिंग एवं फुटबॉल की प्रतियोगिताएं सीधे जनपद स्तर पर तथा विकास खण्डों में प्रतिभागिता के आधार पर एथलेटिक्स, कबड्डी, खो-खो एवं बालीबाल की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है।

उन्होंने बताया कि जनपद स्तर में वर्तमान तक लगभग 2700 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया है। अन्तिम प्रतियोगिता के रूप में आयु वर्ग-14, 17 एवं 19 की बालिका वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें अन्डर-14 में भिकियासैंण प्रथम, हवालबाग द्वितीय, ताड़ीखेत तृतीय, अन्डर-17 में भिकियासैंण प्रथम, स्याल्दे द्वितीय, सल्ट तृतीय तथा अन्डर-19 में स्याल्दे प्रथम, धौलादेवी द्वितीय एवं सल्ट की टीम तृतीय स्थान पर रही। इस दौरान सभी विजेता टीमों को मंत्री द्वारा नकद पुरस्कार, प्रमाण पत्र तथा मेडल देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान तक राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में टेबल टेनिस प्रतियोगिता में जनपद अल्मोडा के प्रतिभागियों ने चैंपियनशिप, अन्डर-17 बालक एथलेटिक्स की 100 मीटर दौड़ एवं गोला फेंक की प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य महेश नयाल, भुवन जोशी, जिला क्रीड़ा अधिकारी अरूण बंग्याल, जिला युवा कल्याण अधिकारी प्रशान्त कुमार सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि व विभागीय अधिकारी सहित खेल प्रतियोगिता के प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# किडजी रेसकोर्स स्कूल के नौनिहालों ने अपनी प्रस्तुतियों से किया मंत्रमुग्ध

## स्कूल के तीसरे एनुअल डे फंक्शन में प्रकृति के विभिन्न अंगों को दर्शाया

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। किडजी रेसकोर्स स्कूल का एनुअल डे फंक्शन प्रकृति के विभिन्न अंगों को दर्शाते हुए ₹नेचर फेस्टर₹ थीम पर संपन्न हुआ । इस अवसर पर छोटे-छोटे बच्चों द्वारा दी गई प्रस्तुतियों ने ऑडिटोरियम में मौजूद सभी का मन मोह लिया।

किडजी स्कूल का यह तीसरा एनुअल डे फंक्शन संस्कृति विभाग के ऑडिटोरियम में छोटे-छोटे बच्चों की प्रस्तुतियों से आरंभ हुआ जिसमें बतौर मुख्य अतिथि मैनेजिंग डायरेक्टर दून इंटरनेशनल स्कूल गगन जोत मान, चाइल्ड साइकोलॉजिस्ट डॉ मुकुल शर्मा, ज़ीलर्न लिमिटेड से वैभव सिंह एवं सपना तेओतिया मौजूद रहे ।

इस मौके पर गगन जोत मान ने कार्यक्रम की और स्कूल स्टाफ की सराहना करते हुए कहा की देख के बहुत अच्छा लगता है की कितनी कम उमर से बच्चों को संयम, नियम और डिसिप्लिन समझा रहे है। इस मौके पर डॉक्टर मुकुल शर्मा ने कहा कि वे समस्त स्कूल के अधिकारियों को शुभकामनाएं जो की लगातार बच्चों के जीवन निर्माण के लिए काम कर रहे हैं और माता-पिता से आग्रह है कि उनके संपत्ति घर मकान गाड़ियां नहीं है बल्कि बच्चे असली में उनकी संपत्ति है जिनको संस्कार सभ्यता और संस्कृति का पाठ पढ़ना माता-पिता की नैतिक जिम्मेदारी है। रिश्तो को निभाने की सीख माता-पिता के साथ-साथ दादा-दादी नाना नानी और समस्त परिजनों के द्वारा दी जानी ही उत्तम रहती है माता-पिता का कर्तव्य है कि अपने बच्चों के जीवन निर्माण में अपना पूर्ण योगदान दें जिससे वह परिवार के प्रति और समाज के प्रति जागरूक हो सके और एक जिम्मेदार नागरिक बन पाए मैं पुनः माता-पिता से संयम रखते हुए संबंधों को समझते हुए और वैचारिक मतभेदों को दूर रखकर अपने बच्चों को समाज के प्रति तैयार करें।

इस मौके पर बच्चों ने प्रकृति के विभिन्न अंगों को दर्शाते हुए फ्लावर डांस, रेन डांस, मंकी डांस, इंसेंट डांस , नेचर प्रोटेक्शन डांस, पीकॉक डांस, आदि सहित कुल मिलाकर नौ परफॉर्मेंस प्रस्तुत की । इन नौनिहालों की परफॉर्मेंस को देख वहां पर मौजूद सभी दर्शक मंत्र मुग्ध हो गए। छोटे-छोटे बच्चे जब स्टेज पर आकर अपने नन्हे नन्हे हाथों पैरों से डांस करके एक संदेश दे रहे थे तो वह सभी को लुभा रहा था। इस मौके पर कार्यक्रम का संचालन प्रिंसिपल मेघा खरबंदा ने किया। किडजी स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर अनायास सुनेजा ने कार्यक्रम में मौजूद सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर प्रबलीन कौर, काजल धीमान , हरलीन कौर, नूपुर आर्य, मेघना गुप्ता आदि अध्यापिकाएं बच्चों के साथ मौजूद रहीं , जिन्होंने बच्चों के साथ समन्वय स्थापित करने में सहयोग दिया।













# लोन की किस्त न भरने पर युवती से अभद्रता

हल्द्वानी। मुखानी की एक युवती ने निजी फाइनेंस कंपनी के रिकवरी एजेंटों पर घर में घुसकर मारपीट करने व उसके मित्र को जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। साथ ही परिवार, मित्र और खुद की जान को खतरा भी जताया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तल्ली बमौरी बंदोबस्ती स्थित भट्ट कॉलोनी फेज- 1 निवासी आंचल साह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने वर्ष 2021 में रामपुर रोड स्थित एक निजी फाइनेंस कंपनी से पर्सनल लोन लिया था। उसकी किस्तें वे लगातार भरती रहीं। कुछ समय बाद उनकी नौकरी चली गई। इस वजह से वह किस्तें नहीं भर पाईं। आरोप है कि रिकवरी एजेंटों ने उन्हें फोन पर परेशान करना शुरू कर दिया। हाल ही में रिकवरी एजेंट शैलू वर्मा, अर्जुन रौतेला और दीपक उर्फ मोहित पांडे उनके घर पहुंचे और उनकी मां से अभद्र व्यवहार करने लगे। सूचना पर अपने दोस्त को घर भेजा तो एजेंटों ने उसे जान से मारने की धमकी दे डाली। पीड़िता ने इसकी शिकायत मुखानी पुलिस के साथ एसएसपी कार्यालय में की, लेकिन कोई कार्रवाई न होने पर युवती ने कोर्ट में अपील दायर की। शुक्रवार रात मुखानी पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर फाइनेंस कंपनी के तीनों रिकवरी एजेंटों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। पीड़िता ने मुखानी पुलिस को मामले से जुड़ी सीसीटीवी कैमरा फुटेज भी सौंपी हैं।

# बाल विवाह कराने पर यूपी और उत्तराखंड के 5 लोगों पर केस

हल्द्वानी। मुखानी थानाक्षेत्र में बाल विवाह का मामला सामने आया है। सूचना पर पहुंची मुखानी पुलिस और एएचटीयू की टीम ने नाबालिग नवविवाहित जोड़े और उनके परिजनों को पकड़ा है। साथ ही मामले में बाल अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की गई है। मुखानी पुलिस के मुताबिक शुक्रवार की देर रात जयंतीपुरम पीलीकोठी क्षेत्र स्थित एक मकान में बाल विवाह कराए जाने की शिकायत पुलिस को मिली। सूचना पर एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की एसआई दीपा जोशी और मुखानी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। वहां टीम को यूपी के हाथरस निवासी 17 वर्षीय युवक और हल्द्वानी के भोटिया पड़ाव निवासी एक 16 वर्षीय किशोरी विवाहित जोड़े में मिले। साथ में नाबालिगों के परिजन भी मौजूद थे। पुलिस ने सभी को हिरासत में लिया और थाने ले गए। एएचटीयू की एसआई ने मामले में करीब 7 लोगों के खिलाफ बाल अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की है।

## संपादकीय



# सियासी रंगमंच का गोबर

पहले गोबर, फिर दूध और आगे न जाने क्या-क्या उठाकर भाजपा विधानसभा परिसर को सियासी रंगमंच बनाती रहेगी। गारंटियों के राजनीतिक बाजार में यह हिसाब नया नहीं है, लेकिन इस बार विपक्ष का स्वांग मनभावन है और यह साबित करता है कि नेताओं में अभिनय का कौशल किसी भी हद तक जा सकता है। अभिनय की राजनीति अगर केंद्र में मिमिक्री करने पर उतारू है, तो हिमाचल में विपक्ष की इस अदायगी का कुछ तो संदेश होगा। भाजपा वर्तमान सरकार की तमाम गारंटियों के आश्वासन और भाषण की याद दिलाती हुई गोशाला से फिलहाल एक हाथ में दूध तो दूसरे में गोबर उठाकर ले आई है। अब सवाल उस आवारा गऊ का है, जिसे न तो गोशाला मिली और न ही राजनीति या गारंटी का सहारा। कांग्रेस तो देर सबेर गोबर खरीद लेगी या दूध के जरिए बेरोजगार को अधिक कीमत का भुगतान करके आत्मनिर्भर बना देगी, लेकिन लावारिस- आवारा गाय को न छत और न ही ठिकाना मिल रहा है। जरा उसी किसान की व्यथा पूछ लेना जिसके समर्थन में भाजपा गोबर उठा कर घूम रही है। किसानों ने खेती से अपना संबंध तोड़ दिया क्योंकि आवारा पशुओं ने उसकी फसल को कब्रिस्तान बनाना शुरू कर दिया है। आवारा पशुओं की लत में जंगली जानवर भी मुंह उठा कर उसी खेत की बर्बादी को अंतिम पैगाम देते हैं। हिमाचल में वन संरक्षण अधिनियम की खाट पर बैठा बंदर हर दिन खेत नहीं उखाड़ता, बल्कि किसान की छाती पर मूंग दलता है। यही वजह है कि कांगड़ा, हमीरपुर, मंडी, चंबा और कई अन्य क्षेत्रों के किसानों ने खेतों से किनारा कर लिया है। यह ठीक है कि विपक्ष को कांग्रेस से उसकी गारंटियों के बाबत पूछना चाहिए, लेकिन खेती बचाए बिना किसान का क्या वजूद। किसान के खेत में फसल होगी, तो गोबर से निकली खाद अमृत होगी, वरना कहां हिमाचल अपनी गायों का दूध पी रहा है। हम नहीं जानते भाजपा के विरोध की गगरिया में किसी हिमाचली गाय का दूध था या बाहरी प्रदेश की थैलियों में आयातित दूध से विपक्षी दल अपने विरोध की गंगा पैदा कर रहा है। आज तक वादों के अनुरूप हमें हिमाचल में पलती गाय-भैंस का प्रचुर मात्रा में दूध उपलब्ध हो जाना चाहिए था, लेकिन प्रदेश की सुबह को हर दिन इंतजार रहता है कि बाहरी प्रदेशों के ब्रांडिड दूध की गाड़ी हमें तृप्त करेगी। हमारे पास पूरा एक विभाग और दर्जनों प्रोत्साहनों की श्रृंखलाएं मौजूद हैं, लेकिन थैलियां बताती हैं कि हिमाचल के दुधारू पशु सिर्फ गोबर फैलाने के लायक बचे हैं। क्या हिमाचल में कृषि बची है या गाय के दूध पर आधारित व्यवसाय बचा है। अगर भाजपा गोबर उठा रही है, तो संबंधित विभागों और विश्वविद्यालय का गोबर भी उठाए ताकि मालूम हो कि प्रदेश अपनी प्रगति में कितना गौण है। दूसरी ओर कांग्रेस सरकार भी अपनी गारंटियों के मकड़जाल में पर्वतीय राज्य की आर्थिकी और आत्मनिर्भरता के सपने को गुमराह कर रही है।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**

**संपादक :** मौ.सलीम सैफी, **कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002, **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094
**Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com
**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
**न्याय क्षेत्राधिकार :** जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# गुलदार पिंजरे में हुआ कैद, आदमखोर बाघ की तलाश अभी भी जारी

हल्द्वानी। भीमताल ब्लॉक में आतंक का पर्याय बन चुका गुलदार पिंजरे में कैद हो गया है। वन विभाग ने गुलदार को पकड़ने के लिए 10 से ज्यादा पिंजरे लगाए थे। जिसमें जिसमें शुक्रवार की रात को दुदली क्षेत्र में लगाए गए एक पिंजरे में गुलदार फंस गया। बड़ौन के वन क्षेत्राधिकारी नितिन पंत ने बताया लगाए गए पिंजरे में गुलदार पकड़ा गया है। हमारी टीम वहां पहुंच चुकी है। और अब पकड़े गए गुलदार को रानीबाग रेस्क्यू सेंटर भेजा जाएगा।

वन विभाग की टीम अभी एक बाघ की तलाश में भी लगी है, जिसने दो ग्रामीण महिलाओं को अपना निवाला बनाया था। गौरतलब है कि भीमताल ब्लॉक के के पिनरो, मलुवाताल, दुदली, अल्चौना में आदमखोर का आतंक काफी हद तक बढ़ गया है। ग्रामीणों का जनजीवन पूरा अस्त व्यस्त हो चुका है। लोग अपने मवेशियों को गो शाला भेजने पर मजबूर हो चुके हैं, पिछले 15 दिनों से विद्यालयों को बंद किया हुआ है। ग्रामीणों ने वन विभाग से आदमखोर को पकड़ने की मांग की था। जिसपर वन विभाग ने पिनरो, दुदली, अल्चौना, मलुवाताल, पांडे गांव आदि क्षेत्रों में पिंजरे लगाए गए हैं।

# वन गुर्जरों ने जन संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष का किया अभिनंदन

विकासनगर। क्षेत्र के वन गुर्जरों ने शनिवार को जन संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी का शाल ओढ़ाकर अभिनंदन किया। इस मौके पर नेगी ने कहा कि वन गुर्जरों को मुख्य धारा में जुड़ने के लिए शिक्षित, जागरूक एवं संगठित होना पड़ेगा। तभी उनकी आने वाली पीढ़ियां आगे बढ़ पाएंगी तथा आर्थिक व सामाजिक रूप से सशक्त हो पाएंगी। महासचिव आकाश पंवार ने कहा कि मोर्चा हर वक्त वन गुर्जरों की हितों को लेकर उनके साथ है। अभिनंदन करने वालों में मोर्चा के इदरीश, जहूर हसन, नूर आलम, लियाकत, शोएब, बिन्नू, आजाद, गोटी, अंजुम, युसूफ, हनीफ, जाफर, जान्नी, गनी, मासूम आदि थे।

# भारत विकास परिषद ने बहादुर बलिदान दिवस मनाया भारत विकास परिषद ने बहादुर बलिदान दिवस मनाया

हल्द्वानी। भारत विकास परिषद शाखा हल्द्वानी की ओर से शनिवार को बीएलएम अकादमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में श्री गुरु तेग बहादुर बलिदान दिवस मनाया गया। जिसमें करीब 600 छात्रों को हिंद की चादर नामक पत्रक बांटे। जिसमें गुरु तेग बहादुर के जीवन व बलिदान की जानकारी दी गई। शाखा अध्यक्ष भवानी शंकर नीरज ने बताया चार स्कूलों में गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम कर प्रत्येक स्कूल के दो अध्यापकों व दो छात्रों को सम्मानित किया। इस दौरान किरण तिवारी, विमला चौहान, अनामिका जोशी, तनीषा बिष्ट, राजेश पंत, किरण अधिकारी, कनिष्क बिष्ट, देवेश पपने, कल्पना, दीपा फुलारा, हरीश पंत, तनिष्क रावत, दीपा, रेनू, ईशा, तुषार खाती को सम्मानित किया। यहां क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव भगवान सहाय अग्रवाल, महासचिव डॉ. अभिषेक मित्तल, उपमा शेट्टी, डॉ.अतुल राजपाल, गिरीश केसरवानी, गीतू केसरवानी रहीं।

# रामनगर में छात्रों को बांटे स्वेटर

हल्द्वानी। इंटरनेशनल पायनियर्स संस्था के पदाधिकारियों ने ज्योतिबा फुले सायंकालीन स्कूल पुछड़ी के 30 बच्चों को स्वेटर बांटे। ये सभी बच्चे सामाजिक, आर्थिक रूप से पिछड़े परिवारों से जुड़े हैं। इस मौके पर पायनियर्स के राष्ट्रीय महासचिव नवीन तिवारी ने कहा कि भविष्य में उनकी ओर से इन बच्चों की पढ़ाई जारी रखे जाने के लिए सहयोग जारी रहेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### किसान दिवस के तौर पर मनाई पूर्व प्रधानमंत्री चौ. चरण सिंह को जयंती

विकासनगर। पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पछुवादून में किसान दिवस के तौर पर मनाई गई। राजनैतिक संगठनों और सामाजिक संगठनों ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर खेती किसानी पर संगोष्ठी आयोजित की। किसान दिवस पर अन्नदाता का समाज के प्रति समर्पण और खेती के प्रति रुझान को प्रदर्शित करने के लिए पछुवादून विकास मंच ने राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय लक्खनवाला के छात्र-छात्राओं को खेतों का भ्रमण कराया। मंच के संयोजक अतुल शर्मा ने कहा कि प्राचीन काल से ही भारत कृषि प्रधान देश रहा है। हमारे देश में किसानों को अन्नदाता का दर्जा प्राप्त है। भारत के लगभग 7 प्रतिशत लोग कृषि पर निर्भर हैं। लिहाजा देश के अन्नदाता को सम्मान देने के लिए प्रति वर्ष देश भर में 23 दिसंबर को राष्ट्रीय किसान दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि खेतों में अन्नदाता अनाज पैदा करता है और वही अनाज हम सभी का भरण पोषण करता है। आज इस बात की भी आवश्यकता है की खेती के लिए जमीन बची रहे। मंच की ओर से छात्र-छात्राओं के लिए खेती किसानी पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनके तहत सारा प्रथम, फरीद द्वितीय, अप्सरा तीसरे स्थान पर रहे। इस दौरान संजीव कुमार, अमन बिजल्वाण, आमोद शर्मा, मुकेश राज शर्मा, उषा रानी वर्मा, रजनी धीमान, मंजीत कौर, सुनीता देवी आदि मौजूद रहे।

### विकासनगर में अक्षत कलश यात्रा का किया भव्य स्वागत, धूमधाम से मनाया अक्षत कलश उत्सव

विकासनगर। राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अंतर्गत श्री राम जन्मभूमि से आये अक्षत का कलश हनुमद धाम विकासनगर पहुंचा। पूजित अक्षत वितरण उत्सव को धूमधाम से मनाया गया, जिसके बादइ हनुमद धाम से अक्षत कलश को गीता भवन मंदिर विकासनगर में रखा गया। एक से 15 जनवरी तक संपूर्ण विकासनगर क्षेत्र में अयोध्या से आये पत्रक और अक्षत घर-घर बांटने और घरों को सजाने का आह्वान किया गया। श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाली प्राण प्रतिष्ठा उत्सव का निमंत्रण अक्षतज के साथ घर घर दिया जायेगा। हनुमदधाम में कार्यक्रम का शुभारंभ अक्षण प्रेम विवेकानंद साधना केंद्र आश्रम परमानंद महंत, योगेंद्र नाथ गोरखनाथ सेलाकुई व प्रां संगठन मंत्री अजय विश्व हिंदू परिषद ने किया। मुख्य वक्ता अजय ने बताया कि 1984 दिल्ली के संतो द्वारा ये निर्णय लिया गया कि देश में आंदोलन किया जायेगा। जिसका परिणाम आज आ गया है। हम राम मंदिर श्रीराम भगवान के मंदिर निर्माण के लिए संग्रह किया गया। अब उसी मंदिर में श्रीराम भगवान विग्रह रूप की प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के द्वारा पूरे देश में घर घर दिया जायेगा। कहा कि विकासनगर की दस इकाइयां सफल सृजित अक्षत कलश वितरण करेंगे। इस मौके पर विष्णु महावर, नितिन अग्रवाल, संजीव महावर, विक्रम बिष्ट आदि मौजूद रहे। हनुमदधाम मंदिर से अक्षत कलश गीता भवन पहुंचा। जहां पूजा अर्चना करने के बाद अक्षत कलश यात्रा को घर घर भेजा जायेगा। इस मौके पर कार्यक्रम के संयोजक अरुण मितल, प्रदीप सोनी, पुष्पराज, संदीप महावर, दिनेश चौहान, हरिओम सोनी, आनंद अरोड़ा, सुरेश सोनी, गोपाल कृष्ण कोहली, गोपाल चुक, रेखा सिंह, रचिता ठाकुर, राजकुमार रोहिला, विनोद रावत, रोहित साहू आदि मौजूद रहे।

### छात्राओं को कंप्यूटर का फ्री प्रशिक्षण देकर प्रमाण पत्र दिए

विकासनगर। लायंस क्लब यमुना वैली की ओर से होशियार सिंह बुद्धूमल इंटर कॉलेज की 16 छात्राओं को एक माह का फ्री कंप्यूटर प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें लायंस क्लब प्रेसिडेंट यमन चौधरी ने छात्राओं को कंप्यूटर एजुकेशन के महत्व के बारे में बताया। सभी छात्राओं को समय-समय पर गेस्ट लेक्चर भी दिए गए। छात्राओं ने पूर्ण रूप से इस कोर्स को पूरा किया, जिसके लिए शनिवार को सभी छात्राओं को प्रमाण पत्र भी दिए गए। शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में चेयरमैन पंकज शर्मा छात्र छात्राओं को बताया कि कंप्यूटर एजुकेशन का कितना बड़ा योगदान है। बताया कि आज का युग कंप्यूटर का युग है। सभी कुछ डिजिटल हो गया है। डिजिटल की दुनिया में कंप्यूटर का ज्ञान होना आवश्यक है। अगर कोई इस क्षेत्र में पिछड़ गया तो आगे भविष्य में हर क्षेत्र में पिछड़ जाएगा। इसलिए, आवश्यक है कि कंप्यूटर के क्षेत्र में सभी को अग्रणी रहना होगा। कहा कि आने वाले समय में सभी कुछ कंप्यूटर पर निर्भर रहेगा। इसलिए कंप्यूटर का कम से कम बेसिक ज्ञान तो हासिल करना अनिवार्य है। इस मौके पर क्लब के सचिव अभिनव अग्रवाल, कोषाध्यक्ष संजय कौशिक, डॉ. एनपी राणा, डॉ. नरदेव शर्मा, हेमचंद्र सकलानी, अतुल चावला, गगन सेठी, गीत सेठी, नितिन पिपलानी, स्कूल प्रिंसिपल रेखा अग्रवाल, वाइस प्रिंसिपल रचना, दिनेश जैसवाल, निकिता, साहिल, नितिन आदि शामिल रहे।

### गृह विज्ञान विभागीय परिषद की रीता बनी अध्यक्ष

विकासनगर। एसएमआर जनजातीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय साहिया में शनिवार को गृह विज्ञान विभाग के अन्तर्गत विभागीय परिषद का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सह सचिव, कोषाध्यक्ष और सदस्यों का चयन किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. पूजा शैलानी ने छात्र छात्राओं के साथ विभागीय परिषद से संबंधित जानकारी साझा की और विभागीय परिषद का महत्व बताया। विभागीय परिषद गठन में सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर रीता बीए तृतीय वर्ष, उपाध्यक्ष पद पर आंचल बीए तृतीय वर्ष, सचिव पद पर सोनिया बीए तृतीय वर्ष, सह सचिव पद पर सनिता बीए तृतीय सेमेस्टर, कोषाध्यक्ष पद पर काजल बीए तृतीय वर्ष को चुना गया। पांच सदस्यों के रूप में अर्वतिका, अल्पना, प्रियंका, काजल व राखी को नामित किया।

### सेपियंस विद्यालय में वार्षिक एथलीट मीट और क्रिसमस पर्व का आयोजन

विकासनगर। सेपियंस विद्यालय हरबर्टपुर में क्रिसमस पर्व के उपलक्ष्य में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा एक तथा दो के विद्यार्थियों ने क्रिसमस पर्व संबंधित गीत तथा नृत्य प्रस्तुत किये। साथ ही कक्षा चार से आठ तक के विद्यार्थियों ने अनेकता में एकता प्रदर्शित करते हुए पंजाबी तथा मराठी गीतों के माध्यम से ईसा मसीह के जन्मदिवस को नृत्य नाटिका द्वारा प्रस्तुत किया गया। स्कूल में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा तीन से पांच तक के विद्यार्थियों ने पीटी ड्रिल की शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यालय अध्यक्षा इंदिरा रानी सपरा, प्रधानाचार्या रश्मि गोयल तथा उप प्रधानाचार्या गीता नेगी ने आसमान में गुब्बारे उड़ा कर किया गया 7 विद्यालय की वार्षिक खेल प्रतियोगिता में चारों सदनों के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें उन्होंने एक सौ मीटर , दो सौ मीटर, चार सौ मीटर, लॉन्ग जंप, शॉट पुट, जैवलिन थ्रो तथा रिले रेस प्रतियोगिता में शानदार प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कक्षा नर्सरी से यूकेजी के विद्यार्थियों ने भी मनोरंजक खेलों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। अंक विभाजन के आधार पर वार्षिक खेल प्रतियोगिता में चैंपियन अशोक सदन, प्रथम रनर अप प्रताप सदन और चाणक्य सदन तथा द्वितीय रनर अप शिवाजी सदन रहे। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को स्वर्ण, रजत तथा कांस्य पदक तथा प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।

# राजस्व प्राप्त के लक्ष्य को फरवरी तक पूर्ण करें : मुख्यमंत्री





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 24 दिसंबर , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में इस वित्तीय वर्ष के राजस्व प्राप्ति एवं आय के संसाधनों में वृद्धि के संबंध में वित्त मंत्री सहित शासन के उच्चाधिकारियों के साथ गहनता से समीक्षा की। राज्य के राजस्व प्राप्ति के कुल लक्ष्य 24745 करोड के सापेक्ष 16436 करोड जो लक्ष्य का 66 प्रतिशत है, की स्थिति पर मुख्यमंत्री ने संतोष व्यक्त करते हुये अवशेष 34 प्रतिशत के राजस्व प्राप्त के लक्ष्य को फरवरी तक पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये है। उन्होंने कहा कि अवैध खनन पर प्रभावी नियंत्रण के साथ इस क्षेत्र में आय के संसाधनों में वृद्धि के लिये और अधिक प्रयास किये जाय। परिवहन विभाग, यातायात पुलिस, वन एवं खनन को एक एकीकृत तंत्र विकसित किए जाने के साथ राज्य कर विभाग को खूफिया प्रणाली को और मजबूत किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने नदियों के बेड लेवल के निर्धारण के संबंध में भी कार्ययोजना बनाये जाने की बात कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि परिवहन, खनन, जीएसटी आदि क्षेत्रों में गहन निगरानी रखने के लिए ऑनलाईन सिस्टम को और बेहतर बनाया जाए। जीएसटी के तहत राजस्व बढ़ाने के लिए और प्रयास किये जाएं। कर अपवंचन पर रोक लगाये जाने के लिये प्रभावी उपाय किये जाएं। आय के संसाधनों में वृद्धि के लिये नवाचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग पर विशेष ध्यान दिये जाने पर भी उन्होंने बल दिया। मुख्यमंत्री ने विभागीय कार्ययोजनाओं में स्थानीय लोगों की भागीदारी सुनिश्चित किये जाने की भी बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व वृद्धि के लिए सभी विभाग सजगता और पूरी सक्रियता से कार्य करें। उन्होंने कहा कि ऊर्जा के क्षेत्र में यूपीसीएल एवं यूजेवीएनल को राजस्व बढ़ाने की दिशा में विशेष प्रयासों की जरूरत है। बिजली चोरी संभावित क्षेत्रों में लगातार सतर्कता आधारित गतिविधियां चलाई जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 71 प्रतिशत वन क्षेत्र होने के कारण इसमें राजस्व प्राप्ति के लिए अत्यधिक सम्भावनाएं हैं। वन सम्पदाओं के बेहतर उपयोग से राजस्व वृद्धि की दिशा में और प्रयास किये जाएं। तराई क्षेत्रों में कमर्शियल प्लांटेशन की दिशा में तेजी से कार्य किये जाएं। प्रकाष्ठ बिक्री के लिए उचित व्यवस्था की जाए। जड़ी-बूटियों के संरक्षण एवं सतत विकास के लिए दीर्घकालिक योजना को ध्यान में रखकर कार्य किये जाएं। मुख्यमंत्री ने जी.एम.वी.एन, के.एम.वी.एन तथा वन निगम को अपनी कार्य प्रणाली में सुधार लाने तथा निगमों की कार्ययोजना के मूलस्वरूप पर ध्यान देने को कहा। उन्होंने निर्देश दिये कि निगमों की कार्य क्षमता का भी आंकलन किया जाय।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 21वीं शदी के इस दशक को उत्तराखण्ड का दशक बताया है। सभी विभागों की कार्ययोजना का इसकी सफलता में बडा योगदान रहेगा। सभी विभाग आपसी समन्वय एवं दक्षता के साथ इस दिशा में आगे बढें। विभागीय आय के संसाधनों में वृद्धि के लिये प्रयासरत रहे। विभागों की कार्यप्रणाली राज्य के विकास का भी आधार बनेगी। मुख्यमंत्री ने अगले वित्तीय वर्ष के बजट तैयार करने के प्रयासों में भी तेजी लाये जाने को कहा।

## डीएम सोनिका ने ली सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा बैठक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका ने ऋषिपर्णा सभागार कलेक्टेऊट में सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा बैठक करते हुए। सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को सीएम हेल्पलाईन पर प्राप्त शिकायत का समयबद्ध निस्तारण करें तथा शिकायतकर्ताओं से संवाद करते हुए शिकायत निस्तारण के सम्बन्ध में उनकी राय भी जान लें। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो शिकायत लम्बित हैं ऐसी शिकायत की प्रकृति को भलीभांति समझते हुए उनके लम्बित रहने के कारण सहित आख्या प्रस्तुत करें। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जिन विभागों की शिकायतें जांच आदि प्रकरणों से सम्बन्धित नहीं है उनका त्वरित निस्तारण करें तथा जिन शिकायतों पर जांच हो रही है के सम्बन्ध में स्पष्ट रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियों सहित समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाईन प्राप्त शिकायतों पर समयबद्ध निस्तारण करें तथा प्राप्त शिकायतों की नियमित मॉनिटिरिंग करें।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी झरना कमठान, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामजीशरण शर्मा, अपर मुख्य नगर आयुक्त नगर निगम बीर सिंह बुदियाल, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संजय जैन, उप जिलाधिकारी मुख्यालय शालिनी नेगी, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, सहायक निदेशक/जिला सूचना अधिकारी बी.सी नेगी, जिला पूर्ति अधिकारी के. के अग्रवाल सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। उप जिलाधिकारी चकराता, विकासनगर, ऋषिकेश, डोईवाला, मसूरी सहित अन्य विभागों के अधिकारी ऑनलाईन बैठक से जुड़े रहे।

## बड़ी बहन से झगड़े के बाद युवती ने खाया जहरीला पदार्थ

हल्द्वानी। जसपुर में बड़ी बहन से झगड़े के बाद छोटी बहन ने जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन उसे लेकर एसटीएच पहुंचे। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। ऊधमसिंह नगर के जसपुर स्थित जुलहान निवासी खुशी (18) को उसके परिजनों ने शुक्रवार देर रात करीब 12 बजे एसटीएच में भर्ती कराया। शनिवार सुबह करीब 10 बजे उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। अस्पताल की सूचना पर मेडिकल चौकी प्रभारी प्रवीण तेवतिया मौके पर पहुंचे। पुलिस के मुताबिक परिजनों ने बताया कि शुक्रवार को खुशी का अपनी बड़ी बहन से किसी बात पर झगड़ा हो गया था। इसके बाद खुशी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

### संस्कृत महाविद्यालय में गीता जयंती पर हुए कार्यक्रम

हल्द्वानी। श्री सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय रेलवे बाजार में गीता जयंती के अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मंडी परिषद अध्यक्ष डॉ. अनिल कपूर डब्बू, मोहन गिरी गोस्वामी, डॉ. गोपालदत्त त्रिपाठी, ज्योतिषी अशोक वाष्र्णेय ने किया। सुबह छात्रों व आचार्यों ने श्रीमद्भागवत गीता का पाठ किया। विद्यालय के पूर्व प्राचार्य स्व. हरिदत्त भट्ट शास्त्री की स्मृति में गीता श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें दिनेश कुडाई ने पहला, भावेश कॉलोनी ने दूसरा व सौरभ बेलवाल व हर्षित उप्रेती ने तीसरा स्थान पाया। यहां प्राचार्य मनोज पांडे, विजय भट्ट, श्रीकांत खंडेलवाल, संजय लोहनी, जानकी त्रिपाठी, डॉ. नारायण दत्त थुवाल, दीपू जोशी, कृष्ण पांडेय, मोहित जोशी, रजनी बेलवाल, हरीशचंद्र बेलवाल, आरती, महेश बेलवाल रहे।

## वार्ता को पहुंची जनता; ना मिले अधिकारी, ना आया ठेकेदार

अल्मोड़ा। अल्मोड़ा में जनता के प्रति अधिकारी कितने गंभीर हैं इसका उदाहरण शनिवार को सिंचाई विभाग में देखने को मिला। करीब पांच दिन पूर्व धर्मनिरपेक्ष युवा मंच के संयोजक विनय किरौला के नेतृत्व में स्थानीय जनता का एक प्रतिनिधिमंडल सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियन्ता से मिला था तथा मांग की थी कि अल्मोड़ा में बन रहे ड्रेनेज सिस्टम और नालों के कार्य को बहुत धीमी गति से कर रहे ठेकेदार को कार्यालय में बुलाकर उसे निर्देशित किया जाए कि निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाए जिससे कि तय समय अप्रैल 2024 तक अल्मोड़ा नगर में ड्रेनेज और नालों का निर्माण पूरा कर लिया जाए। जिससे कि बरसात के मौसम में पानी की सही निकासी हो और लोगों के घरों को नुकसान ना पहुंचे। इस क्रम में सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया था कि शनिवार पूर्वाह्न 11 बजे सम्बन्धित ठेकेदार को बुलाकर स्थानीय लोगों के समक्ष वार्ता होगी। तय समय के अनुसार आज जब लोगों का प्रतिनिधिमंडल सिंचाई विभाग कार्यालय पहुंचा तो वहां ना अधिशासी अधिकारी उपस्थित थे और ना ही सम्बन्धित ठेकेदार। इस पर लोगों का आक्रोश फूट गया और वे वहीं पर धरने पर बैठ गए। लोगों का कहना था कि यह जनता की भावनाओं के साथ मजाक है और इसको लेकर वे अब जिलाधिकारी के सम्मुख फरियाद लगाएंगे। शनिवार पूर्वाह्न 11 बजे नियत समय पर अल्मोड़ा के वरिष्ठ नागरिकों सहित तमाम लोग जिसमे महिलाएं, युवा सहित अल्मोड़ा के विभिन्न वार्डों से नागरिक वार्ता के लिए आए थे, किंतु वार्ता के लिए फैसला लेने के लिए जिम्मेदार अधिकारी समेत ठेकेदार अनुपस्थित पाए गए। जिससे वहाँ पहुंचे लोगों में रोष उत्पन्न हो गया।

## संक्षिप्त खबरें

### कॉलेजों की परीक्षा तिथि पीछे करने की मांग

हल्द्वानी। अधूरी पढाई के बीच स्नातक तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं घोषित किये जाने से कॉलेजों में छात्र छात्राओं में खासी नाराजगी है7 शनिवार को एमबीपीजी और महिला डिग्री कॉलेज में छात्रों ने कुमाऊं विवि के खिलाफ प्रदर्शन किया7 महिला डिग्री कॉलेज में अंजलि, पूजा बिष्ट, आकांक्षा, कविता, बबिता आदि में प्राचार्य प्रो. शशि पुरोहित और परीक्षा प्रभारी डॉ. एके श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपा7 वहीँ, एमबीपीजी कॉलेज में तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा तिथि बढ़ाने को लेकर एबीवीपी के जिला संयोजक कौशल बिरखानी, निखिल सोनकर, आलोक, विभूति, दीक्षा ने प्राचार्य डॉ. एनएस बनकोटी को ज्ञापन दिया7

### आरआईएस और एनडीएस बना बॉस्केटबॉल चैंपियन

ऋषिकेश। ऋषिकेश इंटरनेशनल स्कूल में तीन दिवसीय चतुर्थ अन्तर्विद्यालयी बास्केटबाल प्रतियोगिता में खिलाडियों ने दमखम दिखाया। बालिका वर्ग में आरआईएस और बालक वर्ग में एनडीएस स्कूल चैंपियन बना। शनिवार को ढालवाला स्थित ऋषिकेश इंटरनेशनल स्कूल में तीन दिवसीय अन्तर्विद्यालयी बास्केटबाल प्रतियोगिता के अंतिम दिन फाइनल मुकाबला खेला गया। बालिका वर्ग में फाइनल मुकाबला आरआईएस और ओएसएन स्कूल मुनिकीरेती के बीच खेला गया। इसमें आरआईएस ने 16-14 से मुकाबला जीता। वहीं बालक वर्ग का फाइनल मुकाबला आरआईएस और एनडीएस स्कूल श्यामपुर के बीच खेला गया। इसमें एनडीएस स्कूल ने 25-23 से मुकाबला जीता। विद्यालय सचिव कैप्टन सुमंत डंग ने बताया कि इस प्रतियोगिता में हरिद्वार, ऋषिकेश और मुनिकीरेती के कई स्कूलों ने प्रतिभाग किया। उन्होंने कहा कि बीते चार सालों से विद्यालय में बच्चों की प्रतिभा को उभारने के लिए यह प्रतियोगिता करवाई जा रही है। उन्होंने विजेताओं को पुरस्कृत किया। मौके पर प्रधानाचार्य डॉ. कोयली चक्रवर्ती, उप प्रधानाचार्य बिंदु शर्मा, समन्वयक आरती कुरियाल, ज्योति कोठियाल, सुमन डोबरियाल, कोच सौरव पोखरियाल, आयुषी, शिवम, अक्षय कुमार सिंह, संजीत पंवार, अमनदीप कौर आदि उपस्थित रहे।

### पूर्णानंद घाट पर महिला गंगा आरती में शहीद जवानों को समर्पित की गंगा आरती

ऋषिकेश। ऋषिकेश गंगा आरती ट्रस्ट के तत्वाधान में गंग सबलाओं द्वारा की जा रही विश्व की प्रथम महिला गंगा आरती में पूर्णानंद घाट जानकी पुल में महिलाओं ने पूजन-अर्चना किया। गंगा आरती में महिलाओं द्वारा गंगा तट पर होने वाली विश्वप्रसिद्ध गंगा आरती में जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में गुरुवार को आतंकी हमले में पांच जवानों की शहादत में शहीद हुए जवानों को समर्पित की। नम आंखों से आयोजकों ने आज गंगा आरती कर मां गंगा से शहीदों के आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस घटना से पूरे देश में शोक की लहर दौड़ गई। इसका नजारा पूर्णानंद घाट जानकी पुल के गंगा घाट पर भी देखने को मिला। यहां नियमित तौर से होने वाली महिलाओं गंगा आरती को सैनिकों के नाम समर्पित किया गया। इस दौरान आंखों में आंसू लिए लोग आरती में शामिल हुए। ऋषिकेश गंगा आरती ट्रस्ट के अध्यक्ष हरिओम शर्मा ज्ञानी जी ने कहा कि ने कहा कि हमारे जांबाज सैनिकों पर जिस तरह से आतंकियों ने कायरता पूर्ण हरकत को अंजाम दिया है वो बेहद शर्मनाक है। उन्होंने आगे कहा कि हमारी मांग है कि मोदी जी पाकिस्तान के खिलाफ जल्द से जल्द कार्रवाई करें। महिला गंगा आरती में मुख्य रूप से ऋषिकेश गंगा आरती ट्रस्ट अध्यक्ष हरिओम शर्मा ज्ञानी जी, ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष विशाल भट्ट, डॉ. ज्योति शर्मा, आंनन्द गुप्ता, अरुण खोसला, मनीष खोसला, एमपी गुप्ता, आशा ढंग, गायत्री देवी, वंदना, प्रमिला, गंगा दास आदि उपस्थित रहे।